बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

वेबसाइटः www.bankofbaroda.in **ईमेलः** corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान/**Place:** मुंबई तारीख/**Date**: 06.03.2023

प्रेसविज्ञप्ति /Press Release

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने गृह ऋण की ब्याज दरों में 40 बीपीएस की कटौती कर 8.50 फीसदी किया

एमएसएमई ऋण की ब्याज दरों को घटाकर 8.40% किया

-वर्ष- समाप्ति के अवसर पर यह पेशकश सीमित अवधि के लिए 31 मार्च 2023 तक वैध है-

- गृह ऋण पर प्रक्रिया शुल्क में 100% की छूट; एमएसएमई ऋण पर प्रक्रिया शुल्क में 50% की छूट-

मार्च 6, 2023: भारत के सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बैंक) ने आज अपनी गृह ऋण ब्याज दरों में 40 आधार अंकों (बीपीएस) की कटौती करके 8.50%* करने की घोषणा की। इसके अलावा, बैंक ने अपने एमएसएमई ऋण की ब्याज दरों को भी कम करके 8.40%* कर दिया है। दोनों पेशकश 5 मार्च, 2023 से प्रभावी हैं और 31 मार्च, 2023 तक सीमित अवधि के लिए वैध हैं। यह उद्योग में सबसे कम और सबसे प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों में से एक है।

ब्याज दरों को कम करने के अलावा, बैंक गृह ऋण की प्रक्रिया शुल्क पर 100% की छूट और एमएसएमई ऋण की प्रक्रिया शुल्क पर 50% की छूट भी दे रहा है।

गृह ऋण की यह नई 8.50%* प्रति वर्ष की शुरुआती दर नए गृह ऋण, बैलेंस ट्रांसफर के साथ-साथ घर की मरम्मत (होम इम्प्रूवमेंट) के लिए ऋण हेतु आवेदन करने वाले कर्जदारों के लिए उपलब्ध है। दर उधारकर्ता के क्रेडिट स्कोर से जुड़ी है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक, श्री अजय के खुराना ने कहा, "बैंक गृह ऋण की ब्याज दरों में कटौती कर एक बहुत ही विशेष सीमित अवधि के लिए 8.50% की पेशकश करके खुशी हो रही है। वर्तमान परिदृश्य में जहां ब्याज दरें काफी बढ़ गई हैं, यह पेशकश घर खरीदारों के लिए घर की खरीदारी को अधिक किफायती बनाएगी। एमएसएमई क्षेत्र के लिए ब्याज दरों में कमी से इच्छुक उद्यमियों को और समर्थन मिलेगा और उनकी विकास महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने में भी मदद मिलेगी।"

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने गृह ऋण के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया को भी आसान बनाया है। ग्राहक बॉब वर्ल्ड मोबाइल बैंकिंग ऐप में लॉग इन करके या बैंक की वेबसाइट पर जाकर 30 मिनट* के भीतर गृह ऋण के लिए डिजिटल रूप से आवेदन कर सकते हैं और स्वीकृति प्राप्त कर सकते हैं। आवेदक पूरे भारत में बैंक ऑफ़ बड़ौदा की किसी भी शाखा में जाकर भी ऋण के लिए आवेदन कर सकते हैं।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा गृह ऋण की मुख्य विशेषताएं:

- ब्याज दरें सीमित अवधि के लिए 8.50%* प्रति वर्ष से शुरू हैं।
- शून्य प्रक्रिया शुल्क
- न्यूनतम दस्तावेजीकरण के साथ गृह ऋण का अधिग्रहण
- 360 महीनों तक की फ्लेक्सिबल अवधि
- कोई पूर्व भुगतान/आंशिक भुगतान शुल्क नहीं
- केवल 30 मिनट में कुछ ही चरणों में त्वरित स्वीकृति के साथ डिजिटल गृह ऋण प्राप्त करें
- प्रमुख केंद्रों पर डोरस्टेप सुविधा उपलब्ध

*नियम और शर्तें लागू

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बारे में:

20 जुलाई, 1908 को सर महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ III द्वारा स्थापित, बैंक ऑफ़ बड़ौदा भारत के प्रमुख वाणिज्यिक बैंकों में से एक है. 63.97% हिस्सेदारी के साथ यह प्रमुख रूप से भारत सरकार के स्वामित्व में है. बैंक पांच महाद्वीपों के 17 देशों में फैले 46,000 से अधिक टचप्वाइंट के माध्यम से 150 मिलियन से अधिक के अपने वैश्विक ग्राहक आधार को सेवाएं प्रदान कर रहा है. अपने अत्याधुनिक डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से यह सभी बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं को निर्बाध एवं बाधारहित तरीके से उपलब्ध करा रहा है. हाल ही में शुरू किया गया बॉब वर्ल्ड मोबाइल ऐप ग्राहकों को एक ही ऐप के अंतर्गत बचत, निवेश, उधार एवं खरीदारी का अनुभव प्रदान कर रहा है. यह ऐप वीडियो केवाईसी के माध्यम से खाता खोलने की सुविधा उपलब्ध कराकर गैर-ग्राहकों को भी सेवा प्रदान करता है. बैंक का दृष्टिकोण अपने विविध ग्राहक आधार के अनुरूप है तथा यह विश्वास एवं सुरक्षा की भावना पैदा करता है. बैंक उस दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है और बॉब वर्ल्ड डिजिटल परिवर्तन की दिशा में इसके रोडमैप का एक प्रमाण है.

- www.bankofbaroda.in पर जाएं.
- फेसबुक https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- ट्विटर https://twitter.com/bankofbaroda
- इंस्टाग्राम https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- यूट्यूब https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA

- लिंक्डइन https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

कृपया अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:

बैंक ऑफ़ बड़ौदा का संपर्क सूत्र: फिरोजा चौकसी | +9820363681 91 | corp.pr@bankofbaroda.com
परफेक्ट रिलेशंस - स्नेहा जोशी | + 9833004482 91| sneha.joshi@dentsu.com